# आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार

(बिहार सरकार का एक उपक्रम)

प्रथम तल, उद्योग भवन, पूर्वी गाँधी मैदान, पटना।

Email-md@idabihar.com , Web-www.idabihar.com, phone: 0612-2675933, 2675935, Fax no-2675934

संचिका सं0– 08/44/Tech/IDA/23 **कार्यालय आदेश** दिनांकः–....................

Construction of Plug & Play Prefabricated Shed at, Bhagalpur, Phase-2 का निर्माण कार्य करने हेतु Baba Debraha Enterprises, 162G, Khesra No 2469, Gandhi Nagar, Ashiyana, Patna, Bihar, 800025 के साथ आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार के द्वारा एकरारनामा किया गया था, जिसकी विवरणी निम्नलिखित है–

एकरारनामा संख्या – 18/SBD/2022-23

एकरारनामा राशि – रू0 10,63,20,860.66

एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारंभ की तिथि – 21.09.2022

एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि– 20.03.2023

संवेदक के द्वारा कार्य को ससमय पूर्ण करने हेतु एकरारनामा के साथ Monthly Work Program भी समर्पित किया गया था, जो एकरारनामा का अभिन्न अंग है, परन्तु संवेदक के द्वारा दिये गये मासिक कार्य योजना (Monthly Work Program) के अनुसार कभी भी कार्य को अपेक्षित प्रगति के साथ प्रारंभ ही नहीं किया गया।कार्य में अपेक्षित प्रगति लाने तथा कार्य में विलम्ब के लिए इस कार्यालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से Show Cause Notice दिया गया। साथ ही कार्य स्थल पर कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, तथा कार्यपालक अभियंता के द्वारा भी समय–समय पर कार्य में अपेक्षित प्रगति लाकर कार्य को पूर्ण करने हेतु निदेशित किया गया, परन्तु कार्य में कोई प्रगति नहीं लायी गयी। बीच–बीच में प्राधिकार के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा भी कार्य की प्रगति की समीक्षा के दौरान कार्य को पूर्ण करने हेतु आदेश दिया गया, परन्तु संवेदक के द्वारा कार्य को पूर्ण करने हेतु केवल मौखिक आश्वासन ही दिया जाता रहा। बाध्य होकर SBD के Clause of Contract- 2 के आलोक में कार्य में अति विलम्ब के कारण Penality (Compensation for Delay) इस कार्यालय के पत्रांक 1304/Tech दिनांक 16.02.2023 के द्वारा रूपये 10,63,208.00 भी लगाया गया। फिर भी संवेदक द्वारा कार्य में अपेक्षित प्रगति नहीं लाई गई। अन्ततः इस कार्यालय के कार्यालय आदेश संख्या ज्ञापांक 3235/ Tech दिनांक 10.06.2023 के द्वारा एकरारनामा को विखंडित (Rescined) करते हुए, एकरारनामा के साथ SD, PG तथा APG के रूप में जमा किए गए राशि को जब्त किया गया तथा उनके निबंधन को 10.06.2023 की तिथि से अगले पाँच वर्षों के लिए कालीकृत किया गया।

Agreement Rescined के विरूद्ध संवेदक के द्वारा मान्नीय उच्च न्यायालय पटना में CWJC No- 10359 of 2023 दायर किया गया, जिसमें मान्नीय उच्च न्यायालय पटना के द्वारा Agrement Rescined से संबन्धित कार्यालय आदेश ज्ञापांक 3235/Tech दिनांक 10.06.2023, पत्रांक 3015/Tech दिनांक 30.05.2023 एवं प्राधिकार द्वारा प्रकाशित निविदा NIT-31/TEN/IDA/23 ज्ञापांक 3833/PDA दिनांक 01.07.2023 को Set aside कर दिया गया।

मान्नीय उच्च न्यायालय पटना के उपरोक्त आदेश के अनुपालन में इस कार्यालय द्वारा निर्गत कार्यालय आदेश ज्ञापांक 3235/Tech दिनांक 10.06.2023, पत्रांक 3015/Tech दिनांक 30.05.2023 एवं प्राधिकार द्वारा प्रकाशित निविदा NIT-31/TEN/IDA/23 ज्ञापांक 3833/PDA दिनांक 01.07.2023 को शिथिल करते हुए क्रमशः प्राधिकार के पत्रांक 4699/Tech दिनांक 26.08.2023, पत्रांक 4697/Tech दिनांक 26.08.2023 एवं पत्रांक 4698/Tech दिनांक 26.08.2023 के माध्यम से वापस लिया गया तथा इसकी सूचना संवेदक को भी उपरोक्त पत्रांक से दिया गया है।

P.T.O

ज्ञात हो कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना के आदेश के अनुपालन करने के पश्चात् लगभग 15 (पन्द्रह) दिन बीत जाने के बावजूद भी कार्यस्थल पर कार्य संबंधी कोई गतिविधि नहीं पायी गई। तत्पश्चात् पुनः इस कार्यालय के पत्रांक 5091/Tech दिनांक 14.09.2023 के द्वारा संवेदक से स्पष्टीकरण की मांग की गई, कि कार्य पूर्ण नहीं किये जाने के कारण SBD के Clause of Contract -3 के आलोक में आपके एकरारनामा को विखंडित करते हुए एकरारनामा के साथ जमा SD/PG/APG की राशि को क्यों नहीं जब्त कर लिया जाय। पत्र प्राप्ति के एक सप्ताह के अन्दर स्पष्टीकरण दें।

उक्त के आलोक में संवेदक के द्वारा पत्रांक BDE/23-24/62 दिनांक 19.09.2023 के द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किया गया।

प्राप्त स्पष्टीकरण की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरान्त निम्न तथ्य प्रकाश में आयाः—

1. आपके द्वारा Agreement Rescined Order वापस लिये जाने के पश्चात कार्य को पुनः प्रारंभ किये जाने सम्बन्धी निदेश की मांग की गयी है। इस सम्बन्ध में स्पष्ट करना है कि Agreement Rescined Order के शिथिलीकरण के पश्चात आपकी स्थिति Agreement के शर्तो के अनुसार स्वतः स्पष्ट है। अलग से किसी निदेश की आवश्यकता नहीं है।

2. पुनः आपके द्वारा निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले Column तथा Beam को Lifting कर निर्माण हेतु Pawan PEB Solutions Factory, Barh, Near NTPC , Barh, Patna, Bihar ले जाने हेतु आदेश की मांग की गयी। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि निर्माण कार्य में प्रयुक्त होने वाले Column तथा Beam एवं अन्य सामाग्रियों की खरीद, Fabrication, ढुलाई आदि कार्य के लिये अलग से किसी तरह के आदेश की आवश्यकता नहीं है। आपको एकरारनामा में विहित Designs, Drawings and Specification के अनुसार निर्माण कार्य को किया जाना है।

3. आपके द्वारा Scope of Work का पुनः निर्धारण एवं Clarify करने की मांग की गयी है। इस संबंध में स्पष्ट करना है कि पूर्व में आपकी सहमती से Scope of Work का निर्धारण किया गया है, एवं उसी के अनुसार कार्य किया जा रहा था।

4. साथ ही आपके द्वारा प्रासांगिक पत्र के माध्यम से एकरारनामा सं0 18/SBD/2022-23 दिनांक 14.10.2022 को विखंडित नहीं करने तथा एकरारनामा के समय जमा की गयी SD एवं PG की राशि को जब्त नहीं किया जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त के आलोक में कहना है कि अनेकों पत्राचार के बावजूद भी अब तक लगभग 25% ही कार्य किया गया है, जबकि कार्य समाप्ति की तिथि 20.03.2023 है, जो बीत चुकी है।

कनीय अभियंता, सहायक अभियंता तथा अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा दिनांक 15.09.2023 को कार्य स्थल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में पाया गया कि कार्य स्थल पर कार्य किये जाने सम्बन्धी किसी भी तरह की कोई गतिविधि नहीं पायी गयी है।

इससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि आपको कार्य पूर्ण करने में बिल्कुल भी रूची नहीं है एवं आपके द्वारा सरकारी कार्य में अनावश्यक विलम्ब किया जा रहा है।

अतः उपरोक्त तथ्यों एवं वस्तुस्थिति के आलोक में **एकरारनामा सं0— 18/SBD/2022-23 को SBD के Clause of Contract-3 के अनुसार Rescind एवं राशि (Performance Guarantee, Additional Performance Guarantee एवं Security Deposit) को जब्त किया जाता है।**

ह0/—

**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**

ज्ञापांकः— 08/44/TECH/IDA/23 दिनांकः—

प्रतिलिपिः— (I) Baba Debraha Enterprises, 162G, Khesra No-2469, Gandhi Nagar, Ashiyana, Patna, Bihar-800025

(II) Baba Debraha Enterprises, 1629, Gandhinagar, Near Rajeev Nagar, Patna-800025.

(III) Baba Debraha Enterprises, 704 Raut City Apartment, Saguna Khagaul Road, Patna-801105 एवं Email ID- sales@bdel.co.in/debraha100@gmail.com को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/—

**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**

P.T.O

ज्ञापांकः–                    08/44/TECH/IDA/23                    दिनांकः–

प्रतिलिपिः– प्रधान सचिव / सचिव, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधन विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास एवं आवास विभाग / योजना एवं विकास विभाग / ग्रामीण कार्य विभाग / लघु जल संसाधन विभग, बिहार पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार / बिहार राज्य पथ विकास निगम लि0 / बिहार शहरी आधारभूत संरचना लिगम लि0 / बिहार राज्य पुल निर्माण लिगम लि0 / बिहार राज्य पथ परिवहन निगम लि0 / बिहार स्वास्थ्य सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि0 / बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लि0 / बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0 / बिहार राज्य पुलिस निर्माण निगम लि0 / बिहार राज्य आवास बोर्ड, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

ह0 / –

**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**

ज्ञापांकः–5255/Tech 08/44/TECH/IDA/23                    दिनांकः–22/09/23

प्रतिलिपिः– कम्पयूटर प्रोग्रामर एवं सूचना जन–संपर्क पदाधिकारी, आई0डी0ए0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/09/2023

**कार्यपालक अभियंता (तकनीकी)**